RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2023-2024

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-11 अंक- 02 भीलवाड़ा, सोमवार, 13 जुलाई 2026 पृष्ठ-04 मूल्य-04 रुपये

# राम मंदिर निर्माण व जमीन खरीद मामले में संजय सिंह के आरोप, बोले- 26 दस्तावेजों के साथ अदालत जाएंगे

▪ स्मार्ट हलचल

**दिल्ली**। आम आदमी पार्टी (AAP) के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने राम मंदिर निर्माण और जमीन खरीद से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच सीमित दायरे में की जा रही है, जिससे निर्माण कार्य और जमीन खरीद से जुड़े कथित मामलों की निष्पक्ष जांच नहीं हो पा रही है।

संजय सिंह ने दावा किया कि उनके पास ऐसे 26 दस्तावेज हैं, जिनके आधार पर वे न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। उनका कहना है कि जब यह मामला पहली बार सामने आया था, तब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अब जांच के दायरे को सीमित किया जा रहा है।




### निर्माण कार्यों में अनियमितता का आरोप

AAP सांसद ने आरोप लगाया कि राम मंदिर निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर कमीशनखोरी हुई है। उन्होंने मांग की कि निर्माण कार्यों से जुड़े सभी ठेकों, भुगतान और वित्तीय लेनदेन की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए। उनके अनुसार, यदि किसी स्तर पर अनियमितता हुई है तो जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

जमीन खरीद पर भी उठाए सवाल

संजय सिंह ने राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा की गई कुछ जमीन खरीद को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में जमीनों की कीमत कम समय में कई गुना बढ़ाकर ट्रस्ट को ऊंचे दामों पर बेची गई। उन्होंने इन सौदों से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक करने और स्वतंत्र जांच की मांग की।

### सरकार पर जांच सीमित रखने का आरोप

संजय सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े मामलों की व्यापक जांच कराने से बच रही है। उनका कहना है कि यदि सरकार पारदर्शिता चाहती है तो निर्माण कार्य, जमीन खरीद, दान राशि के उपयोग और अन्य वित्तीय निर्णयों की भी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि वह कथित अनियमितताओं से जुड़े 26 दस्तावेजों के साथ अदालत में याचिका दायर करेंगे और न्यायिक हस्तक्षेप की मांग करेंगे। उनके अनुसार, राम मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है, इसलिए इससे जुड़े प्रत्येक वित्तीय मामले में पूर्ण पारदर्शिता आवश्यक है।

### संबंधित पक्ष पहले कर चुके हैं आरोपों का खंडन

उल्लेखनीय है कि राम मंदिर ट्रस्ट और संबंधित पक्ष पूर्व में ऐसे आरोपों का खंडन कर चुके हैं। ट्रस्ट की ओर से पहले कहा गया है कि जमीन खरीद सहित सभी प्रक्रियाएं नियमानुसार और कानूनी प्रावधानों के तहत पूरी की गई हैं। फिलहाल संजय सिंह के ताजा आरोपों पर संबंधित पक्ष की विस्तृत प्रतिक्रिया सामने आना शेष है।

# सीकर में गैंगस्टर रोहित गोदारा के नाम पर दो कारोबारियों से चार करोड़ की रंगदारी मांगने का मामला दर्ज

▪ स्मार्ट हलचल

**सीकर**। राजस्थान के सीकर जिले में विदेश में बैठे कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा के नाम पर दो प्रॉपर्टी कारोबारियों से कुल चार करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। दोनों कारोबारियों को विदेशी नंबरों से व्हाट्सएप कॉल कर दो-दो करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई तथा रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में उद्योग नगर थाना पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पहला मामला प्रॉपर्टी कारोबारी पवन ढाका ने दर्ज कराया है। उनकी रिपोर्ट के मुताबिक 1 जुलाई की शाम करीब 5:15 बजे एक विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र चारण बताते हुए रोहित गोदारा गैंग की ओर से बात करने का दावा किया और दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी। साथ ही रकम नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी दी।




इसी प्रकार चिड़िया टीबा निवासी प्रॉपर्टी कारोबारी सुरेंद्र सैनी ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उन्हें भी एक विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल कर रोहित गोदारा गैंग के नाम पर दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई। शिकायत के अनुसार कॉल करने वाले ने उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

एक ही थाना क्षेत्र में दो कारोबारियों से रंगदारी मांगने की घटनाओं के बाद पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। उद्योग नगर थाना पुलिस ने रोहित गोदारा, चूरू जिले के सुजानगढ़ क्षेत्र के बोबासर निवासी हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र चारण तथा फतेहपुर क्षेत्र के रिणाउ निवासी हिस्ट्रीशीटर राहुल रिणाउ के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विदेशी नंबरों से की गई व्हाट्सएप कॉल की तकनीकी जांच की जा रही है। साइबर सेल कॉल डिटेल रिकॉर्ड (CDR) एवं अन्य डिजिटल साक्ष्यों का विश्लेषण कर रही है। साथ ही आरोपियों के स्थानीय नेटवर्क और संभावित सहयोगियों की भी जांच की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है तथा तकनीकी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# डूंगरपुर में दर्दनाक हादसाः वात्रक नदी में डूबने से तीन सगे भाई-बहनों सहित चार युवाओं की मौत, गांव में पसरा मातम



▪ स्मार्ट हलचल

**डूंगरपुर**। जिले के धंबोला थाना क्षेत्र स्थित लिखीबड़ी गांव के निकट वात्रक नदी के एनीकट में रविवार सुबह नहाने के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में तीन सगे भाई-बहनों सहित चार लोगों की डूबने से मौत हो गई। हादसे में दो अन्य बच्चों को ग्रामीणों ने समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

पुलिस के अनुसार, लिखीबड़ी निवासी बाबूलाल डामोर के बच्चे 24 वर्षीय हीना डामोर, 20 वर्षीय प्रतीक डामोर और 15 वर्षीय इशिता डामोर अपने रिश्तेदारों के साथ वात्रक नदी के एनीकट पर नहाने गए थे। उनके साथ गुजरात निवासी 20 वर्षीय रौनक पुत्री गौतम परमार भी मौजूद थी। नहाने के दौरान सभी गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।

घटना की सूचना पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। ग्रामीणों ने पालनपुर निवासी राजवीर (15) तथा मेहसाणा निवासी जयसिंह (11) को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन हीना, प्रतीक, इशिता और रौनक को नहीं बचाया जा सका। सूचना मिलने पर धंबोला थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा चारों शवों को सीमलवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया गया।

पोस्टमार्टम के बाद रविवार शाम हीना, प्रतीक और इशिता के शव उनके पैतृक गांव लिखीबड़ी लाए गए, जहां एक साथ तीनों की अंतिम यात्रा निकाली गई। देर शाम गांव के श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वहीं गुजरात निवासी रौनक का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए अपने साथ ले गए।

हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्चों की मौत का सदमा सहन नहीं कर पाने पर पिता बाबूलाल डामोर की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। गांव में मातम का माहौल है और बड़ी संख्या में ग्रामीण अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

मृतकों में हीना डामोर अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर (एमए) कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थीं। प्रतीक डामोर हाल ही में 12वीं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए थे तथा शिक्षक बनने का सपना देख रहे थे। सबसे छोटी बहन इशिता 11वीं कक्षा की छात्रा थी।

घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व सांसद ताराचंद भागोरा, धंबोला थानाधिकारी देवेंद्र देवल, एसआई अशोक मीणा, एएसआई सोहनलाल मीणा, तहसीलदार राजेश मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


## आरपीएससी वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा का शांतिपूर्ण आगाज, 62 प्रतिशत से अधिक रही उपस्थिति

स्मार्ट हलचल

**अजमेर**। राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) भर्ती परीक्षा-2025 का पहला दिन रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पहले दिन सामान्य ज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा दो पारियों में आयोजित की गई।

आरपीएससी के अनुसार, सामान्य ज्ञान विषय में 62.97 प्रतिशत तथा सामाजिक विज्ञान में 62.08 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। सर्वाधिक 73.85 प्रतिशत उपस्थिति सिरोही जिले में रही, जबकि सबसे कम 47.90 प्रतिशत उपस्थिति अजमेर में दर्ज की गई।

परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग, पहचान पत्र का सत्यापन और मेटल डिटेक्टर से जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया।



अभ्यर्थियों के अनुसार, प्रश्नपत्र में करंट अफेयर्स और कॉन्सेप्ट आधारित प्रश्न अधिक रहे। वहीं, अलवर में निर्धारित समय के बाद पहुंचने पर एक महिला अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया।

आयोग ने बताया कि सोमवार को ग्रुप-बी के तहत सामान्य ज्ञान और हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# टीठोड़ी में सरकारी सिस्टम का अजूबाः लाखों की नई बिल्डिंग पर लटका ताला, एक ही चौखट से चल रहे स्वास्थ्य, पशु और बाल विकास विभाग

**24.88 लाख की लागत से सितंबर 2023 में तैयार होना था नया उपस्वास्थ्य केंद्र; तीन वर्ष बीतने के बाद भी नहीं संभलाया भवन, पंचायत भवन के तीन कमरों में ठूंस रखे हैं तीन महकमे, एक ही दरवाजे से आवाजाही से आमजन परेशान**





▪ स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर** / उपखंड क्षेत्र की टीठोड़ी ग्राम पंचायत में ग्रामीण विकास के दावों और सरकारी व्यवस्थाओं की एक ऐसी वास्तविक व झकझोरने वाली तस्वीर सामने आई है, जो प्रशासनिक दावों की पोल खोलती है। यहाँ पुराने पंचायत भवन के एक ही परिसर में बने तीन छोटे-छोटे कमरों से तीन अलग-अलग सरकारी महकमे जबरन संचालित किए जा रहे हैं। एक कमरे में इंसानों का अस्पताल (उपस्वास्थ्य केंद्र), दूसरे में मूक पशुओं का अस्पताल (पशु चिकित्सा उपकेंद्र) और तीसरे में नौनिहालों का आंगनबाड़ी केंद्र (टीठोड़ी-2) चल रहा है। हद तो यह है कि इन तीनों अलग-अलग प्रकृति के केंद्रों का मुख्य प्रवेश द्वार भी एक ही है, जिससे मरीजों, पशुपालकों, महिलाओं और बच्चों को रोजाना भारी फजीहत और अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है।

### करोड़ों के बजट की घोषणाएं कागजों में, धरातल पर लाखों की संपत्ति धूल फांक रहीः

इस अव्यवस्था के बीच सबसे बड़ा और गंभीर सवाल यह है कि टीठोड़ी में करीब 24.88 लाख रुपये की भारी-भरकम बजट लागत से उपस्वास्थ्य



केंद्र का नया चमचमाता भवन स्वीकृत हुआ था, जिसे हर हाल में सितंबर 2023 तक पूर्ण होकर चिकित्सा विभाग को सुपुर्द हो जाना था। लेकिन तीन वर्ष का लंबा समय बीत जाने के बाद भी यह भवन आज तक उपयोग में नहीं लाया जा सका। ग्रामीणों का आरोप है कि भवन का अधिकांश निर्माण कार्य बहुत पहले ही पूरा हो चुका है, लेकिन विभागीय उदासीनता, ठेकेदार की मनमानी और जिम्मेदारों की घोर लापरवाही के कारण नए भवन पर ताला लटका हुआ है, जबकि पुराने जर्जर पंचायत भवन में विभाग दम तोड़ रहा है।

### मरीज, मवेशी और मासूम बच्चे... एक ही रास्ते पर सब निर्भरः

ग्रामीणों ने बताया कि एक ही परिसर में इंसानों व पशुओं के चिकित्सा केंद्र तथा आंगनबाड़ी होने से सुबह से ही यहाँ भारी भीड़ जमा हो जाती है। बीमार बुजुर्ग-महिलाएं, इलाज के लिए लाए जाने वाले आक्रोशित मवेशी और छोटे-छोटे मासूम बच्चे एक ही संकरे प्रवेश द्वार का उपयोग करते हैं। अलग-अलग विभागों के खुलने-बंद होने का समय और आवश्यकताएं भिन्न होने के बावजूद सभी को एक ही दरवाजे से गुजरना पड़ता है, जिससे हर समय किसी बड़े हादसे या संक्रमण फैलने का खतरा मंडराता रहता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर जिला प्रशासन तक कई बार गुहार लगाने के बाद भी धरातल पर कोई सुधार नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने उग्र चेतावनी देते हुए मांग की है कि उपस्वास्थ्य केंद्र को तत्काल प्रभाव से नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित कर इस त्रिकोणीय अव्यवस्था से राहत दिलाई जाए।

### जिम्मेदार अधिकारियों व प्रभारियों के बयानः

**डॉ. भागीरथ मीणा (BCMO, जहाजपुर):**

**'सीएमएचओ (CMHO) कार्यालय द्वारा टीठोड़ी उपस्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्मित भवन की वर्तमान स्थिति को लेकर तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई थी, जिसे हमारे स्तर पर तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया है। वहां से निर्देश मिलते ही आगामी प्रक्रिया शुरू होगी।'**

**डॉ. नीरज जैन (प्रभारी, टीठोड़ी उपस्वास्थ्य केंद्र):**

**'इस नए भवन को चालू करवाने और स्वास्थ्य केंद्र को वहाँ शिफ्ट करने के लिए हमने तथा स्थानीय ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक, ग्राम सरपंच और उच्च चिकित्सा अधिकारियों को कई बार लिखित में अवगत कराया है, लेकिन दुर्भाग्यवश अब तक उच्च स्तर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।'**

## भीलवाड़ा/शहर के पटेलनगर स्थित मीरा सर्किल पर मीरां बाई की प्रतिमा लगाने की तैयारियां शुरू।



# राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की नई कार्यकारिणी का गठन



▪ स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा** - सुखदेव गोगामेड़ी के जन्म दिवस पर आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान इस कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला सुखदेव गोगामेड़ी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं संगठन मंत्री योगेंद्र सिंह कटार तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभयराज सिंह गोगामेड़ी एवं प्रदेश सचिव मेपाल सिंह केलवाद उपस्थित थे ।

नव गठित कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष धनराज सिंह अमतिया . महिला विंग जिलाध्यक्ष भामिनी कंवर . ग्रामीण जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह खेरूणा. दुर्गेश कंवर जातल ग्रामीण जिला अध्यक्ष सरवन सिंह सांलरिया (भीलवाड़ा) जिला महासचिव नरेंद्रर सिंह मेबदा. शाहपुरा तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लांबा (बनेड़ा तहसीलअध्यक्ष) बंटी सिंह (जहाजपुर तहसील अध्यक्ष) मनसा कंवर (जहाजपुर तहसील अध्यक्ष) भंवर कंवर ( कोटडी तहसीलअध्यक्ष) घनश्याम कंवर (ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष) रीना कवर (विजयनगर तहसील अध्यक्ष) संतोष कंवर (शाहपुरा तहसील अध्यक्ष) सुखदेव दादा के वफादार सैनिक दुर्गेश सिंह उपाध्यक्ष बनैडा को शामिल किया गया है ।

# 3 साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा डोडा तस्करी का आरोपी, नाकेबंदी तोड़ पुलिस पर चढ़ाई थी कार

**2023 में तत्कालीन थानाधिकारी उगमाराम बेनीवाल के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान हुआ था हमला, उसी रात 98 किलो डोडा चूरा भी हुआ था बरामद**



▪ स्मार्ट हलचल

**बिजोलिया।** करीब तीन साल पहले बिजोलिया थाना क्षेत्र में पुलिस की नाकेबंदी तोड़कर पुलिसकर्मियों पर कार चढ़ाने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी गुरविंदर सिंह उर्फ मिन्टू उर्फ मिन्टा (38) निवासी कांगथला (रहीमपुर), थाना पातड़ा, जिला पटियाला (पंजाब) को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास, सरकारी कार्य में बाधा, आपराधिक षड्यंत्र और आर्म्स एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज था।

थानाधिकारी स्वागत पांड्या ने बताया कि जून 2023 में दर्ज इस प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ धारा 353, 307, 34, 120-बी भारतीय दंड संहिता तथा 3/27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पंजाब का सजायाफ्ता अपराधी है। इस प्रकरण में इससे पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश अभी भी जारी है।

### तत्कालीन थानाधिकारी उगमाराम बेनीवाल के नेतृत्व में लगी थी नाकेबंदी

पुलिस के अनुसार यह पूरा घटनाक्रम जून 2023 का है। उस समय तत्कालीन बिजोलिया थानाधिकारी उगमाराम बेनीवाल के नेतृत्व में केसरगंज कट पर संदिग्ध वाहनों की सघन नाकेबंदी की जा रही थी। इसी दौरान लाड़पुरा की ओर से जयपुर नंबर की एक संदिग्ध स्विफ्ट कार आती दिखाई दी। पुलिस ने वाहन को रुकने का संकेत दिया, लेकिन चालक ने वाहन रोकने के बजाय नाकेबंदी में तैनात पुलिसकर्मियों पर ही कार चढ़ाने का प्रयास कर दिया। पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए और आरोपी तेज रफ्तार से नाकेबंदी तोड़कर फरार हो गए।

घटना के बाद तत्कालीन थानाधिकारी उगमाराम बेनीवाल ने पुलिस पर जानलेवा हमला, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, नाकेबंदी तोड़ने तथा अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया था।

### डाबी पुलिस ने घेरा, कार छोड़कर जंगल में भागे तस्कर

घटना की सूचना तत्काल बूंदी जिले के डाबी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही डाबी थाना पुलिस ने सूतड़ा गांव के पास ए-श्रेणी की नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहन की निगरानी शुरू कर दी। कुछ देर बाद तेज रफ्तार स्विफ्ट कार वहां पहुंची, लेकिन पुलिस को सामने देखकर आरोपी घबरा गए और कार सड़क पर छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल की ओर फरार हो गए।

डाबी पुलिस ने देर रात तक जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका।

### कार से बरामद हुआ था 98 किलो डोडा चूरा

पुलिस ने जब संदिग्ध कार की तलाशी ली तो उसमें प्लास्टिक के कट्टों में भरा 98 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद हुआ। इसके बाद डाबी थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अलग मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी, जबकि बिजोलिया थाना पुलिस ने पुलिस पर जानलेवा हमला और नाकेबंदी तोड़ने के मामले में अलग प्रकरण दर्ज किया था।

### तीन साल तक बचता रहा आरोपी, आखिरकार गिरफ्तार

घटना के बाद से आरोपी गुरविंदर सिंह लगातार फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र और लगातार की गई तलाश के बाद पुलिस ने आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में डोडा तस्करी गिरोह और इस मामले से जुड़े अन्य आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।


# हथियारों के बल पर बुजुर्ग महिला से लूट, कान के टॉप्स और नकदी लेकर फरार बदमाश

▪ स्मार्ट हलचल

**मेनाल**-प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मेनाल बिजोलिया। थाना क्षेत्र के राणा जी का गुड्डा गांव में रविवार अल सुबह 4 बजे हथियारों से लैस दो नकाबपोश बदमाशों ने एक घर में घुसकर बुजुर्ग महिला से लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश महिला के कानों में पहने करीब आधा तोला सोने के टॉप्स और घर में रखे करीब पांच हजार रुपये की नकदी लूटकर मोटरसाइकिल से फरार हो गए। टॉप्स खींचने के दौरान महिला का एक कान कट गया, जिससे वह घायल हो गई।

पीड़ित महिला संतोष देवी पत्नी श्यामलाल शर्मा घर के बरामदे में सो रही थीं। इसी दौरान दो अज्ञात बदमाश हथियार लेकर घर में घुसे और महिला को डराकर उसके कानों से टॉप्स खींच लिए। महिला के विरोध करने और शोर मचाने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट भी की, जिससे उसके कान में गंभीर चोट आई।

पीड़िता के पुत्र प्रमोद शर्मा ने बताया कि वारदात के समय वह और उनके पिता घर में स्थित दो अलग अलग कमरे में सो रहे थे। बदमाशों ने पहले



उनके कमरे की बाहर से कुंडी लगा दी, ताकि वे बाहर नहीं निकल सकें। इसके बाद उन्होंने बरामदे में सो रही उनकी मां से लूटपाट की। महिला के शोर मचाने और परिवार के जागने पर बदमाश मोटरसाइकिल से मौके से फरार हो गए।

महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर कांस्या चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस ने घटना के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही आरोपियों की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में जांच की जा रही है।

# सामाजिक विकास के मुद्दों पर मंथन, मेवाड़ महासभा की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

▪ स्मार्ट हलचल / भीलवाड़ा

**अरवड़** / श्री नामदेव समाज सेवा समिति (रजि.) मेवाड़ महासभा की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को सांगानेर स्थित श्री गोपाल नामदेव मंदिर परिसर में अध्यक्ष बालमुकुंद तोलम्बिया की अध्यक्षता तथा कार्यकारी अध्यक्ष रमेश बुलिया एवं महामंत्री कृष्ण कुमार बुला के सान्निध्य में आयोजित हुई। बैठक में महासभा द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी सामाजिक गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान प्रस्तावित सामूहिक वैवाहिक सम्मेलन के सफल आयोजन, महासभा की मासिक पत्रिका के प्रकाशन एवं विज्ञापन विस्तार, कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं तथा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, नगर विकास न्यास से संबंधित भूखंड आवंटन को पुनः बहाल कराने के प्रयास तथा स्वयं सहायता समूहों के संचालन को अधिक प्रभावी बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श कर मार्च2025 तक संचालित किये गये स्वंय सहायता समूह के समस्त मूल रिकॉर्ड लेने हेतु चार सदस्यों की कमेटी घटित की कार्यकारिणी सदस्यों ने समाजहित से जुड़े विभिन्न सुझाव भी प्रस्तुत किए, जिन्हें आगामी कार्ययोजना में शामिल करने का निर्णय लिया गया।



पदाधिकारियों ने समाज में शिक्षा, संगठन और सामाजिक एकता को सशक्त बनाने के लिए सभी सदस्यों से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया।

बैठक के दौरान गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत उपस्थित समाजजनों को जागरूक भी किया गया।अंत में अध्यक्ष बालमुकुंद तोलम्बिया ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

बैठक में अध्यक्ष बालमुकुंद तोलम्बिया, कार्यकारी अध्यक्ष रमेश बुलिया, महामंत्री कृष्ण कुमार बुला, सुशील कुमार छापरवाल, भँवर लाल तोलम्बिया, ओमप्रकाश छापरवाल, गोवर्धन लाल तोलम्बिया, इन्दरमल टेलर, ओमप्रकाश लुहारिया, राजेन्द्र कुमार नहरिया,उदयलाल छापरवाल, पत्रकार सत्यनारायण छापरवाल (अरवड़), राजकुमारी बड़ीवाल, जगदीश चंद्र तोलम्बिया, दिव्यांश बड़ीवाल, कैलाश चंद्र छापरवाल सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ओबीसी सर्वे में लगे शिक्षाकर्मी अभी नहीं होंगे रिलीव:31 जुलाई या सर्वे पूरा होने तक तबादला पाए कार्मिक भी रुकेंगे

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा समेत प्रदेशभर में राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व आयोग) के तहत चल रहे ओबीसी सर्वे में लगे शिक्षा विभाग के कार्मिकों को फिलहाल कार्यमुक्त नहीं किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने इस संबंध में सभी संभागीय संयुक्त निदेशकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार सर्वे में नोडल अधिकारी, संदर्भ व्यक्ति और प्रगणक के रूप में लगे कार्मिकों को सर्वे पूरा होने या 31 जुलाई 2026 तक, जो भी पहले हो, कार्यमुक्त नहीं किया जाएगा

## माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने जारी किए आदेश

माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर के निदेशक सीताराम जाट ने राज्य के सभी संयुक्त निदेशक, सभी संभाग और सभी जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक एवं प्रारम्भिक को निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि ओबीसी सर्वे में लगे शिक्षा विभाग के कार्मिकों को वर्तमान में कार्यमुक्त नहीं किया जाए

## नोडल अधिकारी, संदर्भ व्यक्ति और प्रगणक के रूप में लगी है ड्यूटी

राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व आयोग) की ओर से करवाए जा रहे सर्वे में शिक्षा विभाग के कार्मिकों को नोडल अधिकारी, संदर्भ व्यक्ति और प्रगणक के रूप में लगाया गया है। ऐसे में उनके कार्यमुक्त होने से सर्वे कार्य प्रभावित हो सकता है

## हाल ही में हुए हैं शिक्षा विभाग में तबादले

ज्ञात रहे कि प्रशासनिक सुधार विभाग के आदेश के बाद शिक्षा विभाग को 3 जुलाई को स्थानान्तरण में शिथिलता दी गई थी इसके बाद शिक्षा विभाग के सैकड़ों अधिकारियों और कार्मिकों के तबादला आदेश जारी किए गए। इनमें कई ऐसे कार्मिक भी शामिल हैं जिनकी ड्यूटी वर्तमान में ओबीसी सर्वे में लगी हुई है

## 31 जुलाई या सर्वे पूरा होने तक नहीं होगी कार्यमुक्ति

इसको लेकर निदेशक सीताराम जाट ने शुक्रवार शाम को सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि ओबीसी सर्वे कार्य में लगे कार्मिकों को सर्वे पूरा होने तक या 31 जुलाई 2026 तक, जो भी पहले हो, कार्यमुक्त नहीं किया जाए और आदेशों की पालना सुनिश्चित की जाए।

# शहीदान-ए-कर्बला रक्तदान शिविर बना इंसानियत का महाकुंभ, 143 यूनिट रक्त संग्रहित

### पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने बढ़ाया रक्तदाताओं का हौसला,कहा— रक्तदान से बढ़कर कोई सेवा नहीं

▪ स्मार्ट हलचल

**निंबाहेड़ा** / शहीदान-ए-कर्बला की अज़ीम याद में रविवार को निंबाहेड़ा की बापू बस्ती स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर मानवता, भाईचारे, सामाजिक सरोकार और जनसेवा का प्रेरणादायी केंद्र बन गया। 'इंसानियत से बड़ा कोई मजहब नहीं' के संदेश के साथ आयोजित इस पुनीत आयोजन में युवाओं, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान कर मानव सेवा की अनुपम मिसाल पेश की। शिविर में कुल 143 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।



कार्यक्रम में राजस्थान के पूर्व सहकारिता मंत्री ने शिरकत कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया तथा रक्तदान करने वाले युवाओं के जज़्बे की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल दान नहीं, बल्कि किसी अनजान व्यक्ति को नया जीवन देने का महान संकल्प है। रक्तदाता वह इंसान है जो अपने रक्त की कुछ बूंदें देकर किसी परिवार की उम्मीदों को टूटने से बचा लेता है। पूर्व मंत्री आंजना ने कहा कि कर्बला का संदेश त्याग, बलिदान, इंसाफ, सब्र और इंसानियत का संदेश है। हज़रत इमाम हुसैन एवं उनके साथियों की कुर्बानियां पूरी मानवता को सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। शहीदान-ए-कर्बला की याद में आयोजित रक्तदान शिविर इन्हीं मानवीय मूल्यों को समाज तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने कहा कि आज अस्पतालों में रक्त की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, ऑपरेशन एवं आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त किसी मरीज के लिए जीवनदायिनी संजीवनी साबित होता है। ऐसे समय में रक्तदाता किसी फरिश्ते से कम नहीं होता। रक्तदान करने वाला व्यक्ति केवल रक्त नहीं देता, बल्कि किसी मां की दुआ, किसी परिवार की मुस्कान और किसी मरीज की नई जिंदगी का कारण बनता है।

## युवाओं में दिखा सेवा और समर्पण का जज़्बा

शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। विशेष रूप से पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं ने भी पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भागीदारी निभाई। रक्तदाताओं ने यह संदेश दिया कि नई पीढ़ी केवल अपने भविष्य के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और मानवता की सेवा के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## इंसानियत, भाईचारे और मानव सेवा का संदेश

आयोजकों ने कहा कि कर्बला का इतिहास मानवता, त्याग और सेवा की ऐसी अमर गाथा है जो सदियों बाद भी लोगों को प्रेरित कर रही है। रक्तदान शिविर के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया गया कि मजहब, जाति और वर्ग से ऊपर उठकर मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म और सबसे बड़ी इबादत है।

पूर्व मंत्री आंजना ने युवाओं से नियमित रक्तदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति नियमित अंतराल पर रक्तदान करे तो रक्त की कमी से किसी मरीज की जान नहीं जाएगी। रक्तदान जैसी सेवाएं समाज में संवेदनशीलता, सौहार्द, करुणा और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करती हैं।

आयोजन समिति को दी बधाई पूर्व मंत्री आंजना ने नगर कांग्रेस कमेटी के सदस्य अमजद खान, आसिफ खान, नफीस खान, अशरफ़ मेव, मज़हर हबीबी गौरी, शाहिद खान उर्फ पौघूं, तय्यब अली, सोनू गांधी,सोहेल शाह, अल्ताफ शाह, अशफ़ाक़ खान, सिद्दीक खान, भोलू खान, शाहरुख खान, मोहसिन खान, आसिफ शाह, सलीम शाह, भैया खान, श्रीमती सिमरन अब्बासी, श्रीमती जीनत खान, श्रीमती अंजुम खान, श्रीमती भूरिया शाह,सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों, स्वयंसेवकों एवं रक्तदाताओं को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे जनहितकारी आयोजन नई पीढ़ी में सेवा, समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का संचार करते हैं तथा समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर निंबाहेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा, नगर कांग्रेस कमेटी संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव मनोज पारख, जिला महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष शबाना खान,नगर अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद कुरैशी,नगर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष शम्शु कमर मंसूरी,प्रवक्ता नितेश लोट, जिला अल्पसंख्यक विभाग उपाध्यक्ष मामूर खां मेव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी एवं युवा उपस्थित रहे।

# फुटबॉल में विजेता का खिताब श्री गंगानगर के नाम



▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान फुटबॉल संघ एवं जिला फुटबॉल संघ भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में चल रही 14 वर्षीय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन किया समापन समारोह में मुख्य अतिथि संघ के अध्यक्ष लादू लाल तेली विशिष्ट अतिथि संघ के चेयरमैन विशिष्ट विश्नोई कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद रेखा पूरी ने की वही राजस्थान फुटबॉल संघ से रफ़ीक सिंधी मौजूद रहे संघ के सचिव कैलाश चंद्र खटीक ने बताया कि प्रथम सेमीफाइनल नागौर वर्सेज झुंझुनू के बीच हुआ जिसमें झुंझुनू ने 1-0 से मात दे कर फाइनल में जगह बनाई वही दूसरा सेमीफाइनल मैच श्रीगंगानगर वर्सेज अजमेर के मध्य खेला गया जिसमें श्री गंगानगर ने अजमेर को 2-0 से मात दे कर फाइनल में प्रवेश किया तृतीय स्थान के लिय मैच अजमेर वर्सेस नागौर के मध्य हुआ जिसमें नागौर ने अजमेर को पेलेनटी शूटआउट में 3-2 से हरा कर तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं फाइनल मैच श्री गंगानगर वर्सेस झुंझुनू की मध्य हुआ जिसमें श्रीगंगानगर 2-0 से विजय हुई संघ की प्रवक्ता दीपक खींची ने बताया कि कार्यक्रम में लोकेश बुनकर ओमप्रकाश मूंदड़ा डाल चंद चंदेल दिनेश सेन विनोद रूनवाल शंकर चंदेल शिव राम खटीक दुर्गेश जोशी कैलाश चंद्र कोठारी सदीक लोहार चेतन शर्मा शंकर जीनगर मिथलेश मारु महेश शर्मा रेखा प्रजापत बसंता खटीक अशोक खटीक मौजूद रहे

# रायपुर के गोविन्द, गौरव ,किशन ने जीता मेडल

▪ स्मार्ट हलचल

**रायपुर** / कस्बे की एक मात्र जिम लाइफस्टाइल हेल्थ क्लब के संचालक पवन सेन ने बताया कि 12 जुलाई को भीलवाड़ा में अल्टीमेट चैम्पियनशिप ओपन डेडलिफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके लिए रायपुर के युवाओं को जिम में तैयारी करवाई गई । रायपुर से गोविन्द सोनी,गौरव टेलर,किशन बैरवा ने अलग अलग केटेगरी में भाग लिया । गौरव टेलर ने 53 _59 किलोग्राम केटेगरी में 140 किलोग्राम उठा कर ब्रॉन्ज मेडल जीता । किशन बैरवा ने 67-74 किलोग्राम केटेगरी में 145 किलोग्राम उठा कर ब्रॉन्ज मेडल और गोविन्द सोनी ने 55-66 किलोग्राम केटेगरी में150 किलोग्राम वजन उठा कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया । जिम संचालक ने बताया कि यहाँ के युवाओ में अब बॉडी बिल्डिंग और इस से जुड़े खेलों में रुचि बढ़ी है और छोटे कस्बों से भी अब खिलाड़ी शहरों में पहुंच कर उनको मात दे रहे है । रायपुर में तीनों खिलाड़ियों का स्वागत किया गया ।



# अतिक्रमण हटाकर पालिका प्रशासन ने लगाए खंभे, अवैध कब्जेधारियों ने उसी रात तोड़े

▪ स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा।** बनेड़ा की इंदिरा कॉलोनी के पास चारागाह भूमि पर अतिक्रमियों ने कब्जा कर रखा था । उक्त अतिक्रमण को नगर पालिका द्वारा हटाया गया । अतिक्रमण हटाने के बाद नगर पालिका द्वारा खंबे लगाए गए उसी रात लगाए गए 53 खंभों को अवैध कब्जेधारियों द्वारा को तोड़ दिया गया । नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी ।



# दुबई में भीलवाड़ा के कारोबारी को बनाया बंधक, पत्नी से 40 लाख की फिरौती वसूली

## पूर्व पार्षद लुत्फी समेत तीन पर केस, एक गिरफ्तार

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा के एक कारोबारी को दुबई (यूएई) में बंधक बनाकर उसकी पत्नी से 40 लाख रुपए की फिरौती वसूलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामले में सुभाष नगर थाना पुलिस ने पूर्व पार्षद एवं वांटेड आरोपी फजले रउफ शेख उर्फ लुत्फी, फाइनेंसर योगेश मूंदड़ा और राजू पठान उर्फ रियाज अहमद शेख के खिलाफ अपहरण, बंधक बनाकर फिरौती वसूलने तथा संगठित अपराध सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने योगेश मूंदड़ा को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी फजले रउफ शेख की गिरफ्तारी के लिए लुकआउट सर्कुलर (LOC) के जरिए दुबई पुलिस से भी समन्वय किया जा रहा है।





सुभाष नगर थाना प्रभारी कैलाश चंद्र ने बताया कि पीड़ित मुकेश टेलर पिछले 21 वर्षों से दुबई में इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट और टूर-ट्रैवल्स का कारोबार करते हैं। आरोप है कि 1 जुलाई को भीलवाड़ा निवासी फजले रउफ शेख उर्फ लुत्फी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दुबई में उन्हें बंधक बना लिया, मारपीट की और धमकी देकर 1.70 लाख दिरहम के चार चेक जबरन हस्ताक्षर करवा लिए।

आरोपियों ने इसके बाद मुकेश टेलर से उनके ससुर को फोन करवाकर 40 लाख रुपए की मांग की। इसी दौरान योगेश मूंदड़ा और राजू पठान भीलवाड़ा स्थित पीड़ित के घर पहुंचे और उनकी पत्नी से 40 लाख रुपए का चेक ले लिया। पुलिस के अनुसार, चेक मिलने की सूचना के बाद दुबई में मुकेश टेलर को छोड़ दिया गया।

शुक्रवार देर रात मुकेश टेलर भीलवाड़ा लौटे और शनिवार को पत्नी के साथ सुभाष नगर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए योगेश मूंदड़ा को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली। वहीं राजू पठान की तलाश में टीमें दबिश दे रही हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि मुख्य आरोपी फजले रउफ शेख पहले से ही कई मामलों में वांछित है और उस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित है। उसके खिलाफ पहले से जारी लुकआउट सर्कुलर के आधार पर दुबई पुलिस की मदद से गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# होटल पर बैठे युवक पर चाकू से हमला,छाती पर लगा चाकू,घायल का अस्पताल में इलाज जारी

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । पुर थाना क्षेत्र के काणोली चौराहे पर जंबो पंजाब होटल पर बैठे युवक पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया । चाकू युवक की छाती पर लगा।घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।



घायल सत्यनारायण उर्फ सत्तू जाट पिता हीरा जाट उम्र 22 निवासी राजोला ने बताया कि आज दिन में वह जंबो पंजाब होटल पर बैठा था इसी दौरान कमलेश जाट, सांवर जाट सहित अन्य 3 से 4 जने आए ओर आते ही मारपीट करने लग गए ।इसी दौरान कमलेश ने अचानक उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया,जो उसकी छाती पर लगा।हमले के बाद हमलवार मौके से फरार हो गए।घायल युवक को लहूलुहान हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया,जहां ट्रॉमा वार्ड में उसका इलाज जारी है।

# जयपुर में सेवादल कांग्रेस का संगठन मंथन, भीलवाड़ा कार्यकर्ताओं ने दर्ज कराई मजबूत मौजूदगी

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । पुर थाना क्षेत्र के काणोली चौराहे पर जंबो पंजाब होटल पर बैठे युवक पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया । चाकू युवक की छाती पर लगा।घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।



घायल सत्यनारायण उर्फ सत्तू जाट पिता हीरा जाट उम्र 22 निवासी राजोला ने बताया कि आज दिन में वह जंबो पंजाब होटल पर बैठा था इसी दौरान कमलेश जाट, सांवर जाट सहित अन्य 3 से 4 जने आए ओर आते ही मारपीट करने लग गए ।इसी दौरान कमलेश ने अचानक उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया,जो उसकी छाती पर लगा।हमले के बाद हमलवार मौके से फरार हो गए।घायल युवक को लहूलुहान हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया,जहां ट्रॉमा वार्ड में उसका इलाज जारी है।

# डेपुटेशन और अवकाश की मारः डॉक्टर विहीन हुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मरीज बेहाल

## सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं चरमराईंः डॉक्टर नहीं, दवा नहीं, जांच नहीं; नर्सिंग स्टाफ के भरोसे अस्पताल

▪ स्मार्ट हलचल

**फूलियाकलां /** क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) इन दिनों चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की भारी कमी से जूझ रहा है। डॉक्टरों के अवकाश और कर्मचारियों के डेपुटेशन के चलते अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो गई हैं, जिससे क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। हालात ऐसे हैं कि अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बनी हुई है, लेकिन चिकित्सकों की अनुपलब्धता के कारण अधिकांश मरीजों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है या फिर अन्य अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, डॉ. सत्यनारायण शर्मा 1 जून से मेडिकल अवकाश पर हैं, जबकि डॉ. नितेश झाजोरिया 2 जुलाई से अवैतनिक अवकाश पर चल रहे हैं। वहीं डॉ. दुर्गेश खिंची को 23 मई से पीएचसी कोठियां में डेपुटेशन पर लगाया गया है। इसके अलावा फार्मासिस्ट हितेश सेन पिछले छह माह से केकड़ी में तथा लैब टेक्नीशियन सालु खां पिछले पांच माह से बच्छखेड़ा पीएचसी में डेपुटेशन पर कार्यरत हैं। इन कारणों से अस्पताल में चिकित्सा एवं जांच व्यवस्था लगभग ठप होने की स्थिति में पहुंच गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिले के अंतिम छोर पर स्थित होने के कारण यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंबे समय से विभागीय अनदेखी और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। उनका कहना है कि उच्च अधिकारियों के दौरे भी बेहद कम होते हैं और जब कभी निरीक्षण की सूचना मिलती है, तब सभी कर्मचारी अस्पताल में उपस्थित दिखाई देते हैं। इसके बाद व्यवस्था फिर पुराने ढर्रे पर लौट आती है। वर्तमान में अस्पताल का संचालन मुख्य रूप से नर्सिंग स्टाफ के भरोसे चल रहा है। चिकित्सकों की अनुपस्थिति के कारण मरीजों को न तो समुचित उपचार मिल पा रहा है और न ही आवश्यक दवाइयां एवं जांच सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। दुर्घटना और गंभीर रोगियों को प्राथमिक उपचार देने के बाद अन्य अस्पतालों के लिए रेफर किया जा रहा है, जबकि सामान्य मरीज भी बिना समुचित इलाज के वापस लौटने को मजबूर हैं। इससे क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया है कि राज्य सरकार द्वारा डेपुटेशन पर रोक संबंधी निर्देश जारी होने के बावजूद चिकित्सा कर्मियों को आखिर किसके आदेश से अन्य स्थानों पर लगाया गया है।



उनका कहना है कि यदि समय रहते चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की व्यवस्था नहीं की गई तो क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा सकती हैं और इसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ेगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि अस्पताल में शीघ्र ही वैकल्पिक व्यवस्था कर स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु करने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों को उम्मीद है कि विभाग जल्द प्रभावी कदम उठाकर डॉक्टरों एवं आवश्यक स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, ताकि मरीजों को राहत मिल सके।

# आज रंग है ए माँ रंग है री,मेरे धोलाई वाले बाबा के रंग है,,,,,,

# धौलाई वाले बाबा का उर्स कुल व रंग की रस्म के साथ सम्पन्न



▪ स्मार्ट हलचल

**क़ाछोला--** कस्बे में हजरत निजामुद्दीन निजामी धौलाई वाले बाबा की दरगाह पर तीन दिवसीय उर्स मुबारक मौके पर कुल व रंग की रस्म के साथ सम्पन्न हुए।कुल की रस्म में सैकड़ो अकीदतमंदों ने नम आंखों से इसमें शिरकत कर ग़ुस्ल में शरीक होकर हाजिरी लगाई व बेंगू से आये कव्वाल अनवर भाई ने हुजूर की शान में,मौला अली,व आका हुसैन की शान में,ख्वाजा की शान में, धौलाई वाले बाबा की शान में नातिया व सूफियाना कलाम पेश किए और कौमी एकता को लेकर कव्वाली पेश की।जिसमे में तो नाम जपु अली अली का,अली से हूँ वाबस्ता,,,वो दुआ में हाथ उठाले मेरे पीर आ गए है,सकी तेरी आँखों ने मस्ताना बना डाला,ये तो ख्वाजा का करम है,हक हुसैन मोला हुसैन,हक सैलानी या सैलानी,दूल्हा बना है ख्वाजा,मेरे पीर के चेहरे पे सरकार नजर आते है,मेरी जिंदगी बनाने मेरे पीर आ गए है,में तो रूबरू ऐ यार,बेखुद किये देते है,अंदाज ए हिजा बाना, क़ाछोला नगरिया में धूम मची है,धोलाई वाले बाबा की शादी रची है, सहित कौमी एकता कव्वाली में जायरीन झूम उठे। वही अनवर भाई ने अमीर खुशरो के लिखे आज रंग है ऐ माँ रंग है री मेरे धौलाई वाले बाबा के घर रंग है,,पढा तो जायरीन बाबा की अकीदत के रंग में रंग गए। कुल की रस्म में पेश इमाम मौलाना मोहम्मद शाह आलम ने कलाम पाक की तिलावत व फातिहा पेश की व जायरीनों ने चादर शरीफ पेश कर मुल्क व सूबे में अमन,चैन,खुशहाली,प्रगति,उन्नति,कामयाबी के साथ अच्छी सेहत,महामारी से निजात के साथ आपसी भाईचारा साम्प्रदायिक सौहार्द को लेकर दुआ की।वही दूर दूर से आये जायरीनों ने अपने व अपने परिवार की कामयाबी,कर्ज,मर्ज,परेशानी से निजात की दुआ की। व कुल के छींटे लिए लंगर व तबर्रुक पेश किए दरगाह व उर्स कमेटी सदर हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी की सदारत में फूलों की चादर शरीफ,इत्र,गुलाब के फूल पेश की ।कुल व रंग की रस्म के दौरान आम मुस्लिम सदर व उर्स कमेटी सदर हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी,हाजी मोहम्मद शाबिर रँगरेज,हाजी बाबू मेवाती, मोहम्मद यूनुस रँगरेज,कमालुद्दीन रँगरेज,हाजी रमजान अली बिसायती,मुबारिक मंसुरी,रफ़ीक़ मंसुरी,पीर मोहम्मद मंसुरी,मुबारिक रँगरेज,असलम रँगरेज,फिरोज मेवाती, सहित आदि मौजूद थे।

# लोकतंत्र बचाओ चौपाल में केंद्र व राज्य सरकार पर साधा निशाना

## पंचायतीराज व निकाय चुनाव टालने का लगाया आरोप-लोकतंत्र बचाने के आंदोलन से जुड़ने का आह्वान



▪ स्मार्ट हलचल

**टोंक/पीपलू।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विभाग राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन जिला टोंक की ओर से रविवार को पीपलू ब्लॉक के गहलोद गांव में 'लोकतंत्र बचाओ चौपाल' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. नरेश मीणा ने केंद्र की भाजपा सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में राज्य सरकार और निर्वाचन आयोग की मिलीभगत से पिछले डेढ़ वर्ष से पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि समय पर चुनाव नहीं होने से स्थानीय स्तर पर विकास कार्य ठप पड़े हैं। साथ ही मनरेगा के स्वरूप में बदलाव कर लोगों के रोजगार के कानूनी अधिकार को कमजोर किया जा रहा है।उन्होंने आमजन से लोकतंत्र की रक्षा के लिए जागरूक होकर आंदोलन से जुड़ने का आह्वान किया। चौपाल में जिला उपाध्यक्ष गोपाल गुर्जर (महुआ), पीपलू ब्लॉक अध्यक्ष रमेश गुर्जर, टोंक ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश सांसी, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामचंद्र बैरवा, पंचायत अध्यक्ष नईम खान, हीरालाल माली, किशन बैरवा, हेमराज गुर्जर, छोगाराम माली, भेरूलाल गुर्जर, शंकरलाल जांगिड़, पीर मोहम्मद, गोरधन गुर्जर, संतोष देवी, शीला देवी, बीना देवी, शारदा देवी, मनभर देवी, जमना देवी, मणि देवी, सोहनी देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरूष उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। सह. सम्पादक मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com

# विहिप-बजरंग दल का सेवा सप्ताह, हरित अभियान के तहत भीलवाड़ा में 21 स्थानों पर हुआ सघन वृक्षारोपण

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा देशव्यापी सेवा सप्ताह के अंतर्गत रविवार को भीलवाड़ा महानगर में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने केवल पौधे लगाने तक ही स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि उनके संरक्षण, नियमित सिंचाई एवं देखभाल का भी संकल्प लिया। प्रचार-प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे देश में श्सेवा सप्ताहश् का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में भीलवाड़ा महानगर के सातों प्रखंडों की ओर से पर्यावरण संरक्षण को समर्पित वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। महानगर के 21 अलग-अलग स्थानों पर सघन वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ, हरा-भरा और प्रदूषणमुक्त बनाने का संदेश दिया गया। बजरंग दल महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने कहा कि बजरंग दल केवल धर्म एवं संस्कृति की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और पर्यावरण से जुड़े प्रत्येक विषय पर अपनी सक्रिय भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि आज लगाए गए पौधे आने वाले वर्षों में विशाल वृक्ष बनकर समाज को शुद्ध ऑक्सीजन, छाया और स्वच्छ वातावरण प्रदान करेंगे। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं ने इन पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी स्वेच्छा से स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और लगातार घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण में भी योगदान दे। केवल पौधारोपण ही नहीं, बल्कि पौधों को जीवित रखना ही पर्यावरण संरक्षण की वास्तविक सफलता है।





कार्यक्रम के दौरान संगठन पदाधिकारियों ने आमजन से भी आग्रह किया कि वे अपने जीवन के विशेष अवसरों जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, पारिवारिक उत्सव या स्मृति दिवसकृपर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल कर प्रकृति संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सकता है। वृक्षारोपण अभियान में विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के चित्तौड़ प्रांत सह संयोजक अखिलेश व्यास, प्रांत धर्माचार्य कार्यकारिणी सदस्य बालमुकुंद शर्मा, विभाग मंत्री विजय ओझा, महानगर अध्यक्ष रामप्रकाश बेहड़िया, उपाध्यक्ष भारत गैंगट, मंत्री ओमप्रकाश लड्ढा, सह मंत्री सौम्य मेहता, सुशील सुवालाका, राजकुमार माली, सह संयोजक हितेश नाथ, पवन ठाकुर, दिनेश सालवी, नीलेश सोनी, अभिषेक शर्मा सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी, सातों प्रखंडों के अध्यक्ष, मंत्री, संयोजक एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई।

सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इस हरित अभियान ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक जागरूकता का संदेश देते हुए लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

# टोंक जिले में आईएफडब्ल्यूजे के चार विधानसभा प्रभारी नियुक्त




▪ स्मार्ट हलचल

**टोंक**। इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (आईएफडब्ल्यूजे) पत्रकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राठौड़ के निर्देशानुसार एवं संगठन के अजमेर संभाग प्रभारी प्रवीण बोथरा की अनुमति से जिलाध्यक्ष टोंक प्रेम रघुवंशी ने जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए विधानसभा प्रभारियों की नियुक्ति की है। आईएफडब्ल्यूजे, टोंक जिलाध्यक्ष प्रेम रघुवंशी ने बताया कि संगठन के विस्तार एवं पत्रकार हितों की गतिविधियों को विधानसभा स्तर तक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह नियुक्तियां की गई हैं। इसके तहत नासिर खान (टोंक) को टोंक विधानसभा क्षेत्र, महेन्द्र कुमार सैनी (नगरफोर्ट) को देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र, कमल मीणा (निवाई) को निवाई विधानसभा क्षेत्र तथा गोपाल नायक (मालपुरा) को टोडारायसिंह-मालपुरा विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष रघुवंशी ने कहा कि नवमनोनीत प्रभारी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने, सदस्यता अभियान को गति देने तथा पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि संगठन की जिला कार्यकारिणी की घोषणा भी शीघ्र की जाएगी, जिससे जिले में संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक मजबूती मिलेगी। नवमनोनीत प्रभारियों के मनोनयन पर संगठन से जुड़े पत्रकारों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# गांव बाहर भोज में चूरमा-बाटी का भोग लगाकर इंद्रदेव से अच्छी बारिश की कामना



▪ स्मार्ट हलचल

### गेणोली में पारंपरिक लोक उत्सव के तहत देवी-देवताओं का पूजन, क्षेत्र की खुशहाली और अच्छी वर्षा की प्रार्थना

**मांडलगढ़** । मांडलगढ़ क्षेत्र के गेणोली गांव में रविवार को मेवाड़ की परंपरा के अनुरूप गांव बाहर भोज (गांव-बारो) का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से दाल-बाटी-चूरमा तैयार कर विभिन्न लोक देवी-देवताओं को भोग अर्पित किया तथा इंद्रदेव की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में अच्छी वर्षा, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान खूंट कंकाली माताजी, देवनारायण भगवान, भैरूनाथ, तेजाजी महाराज, चारभुजानाथ, नाहर सिंह, चौथ माताजी एवं इंद्रदेव का विधिवत पूजन कर भोग लगाया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने सामूहिक भोजन कर आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया। सामाजिक कार्यकर्ता शंकरलाल माली, भूरालाल माली, लादूलाल माली, जगदीश माली, गणपत माली, देवलाल माली एवं लोकेश माली ने बताया कि गांव बाहर भोज मेवाड़ की प्राचीन लोक परंपरा है, जिसका उद्देश्य सामाजिक सौहार्द बनाए रखना, परिवारों के बीच प्रेम और सहयोग बढ़ाना तथा अच्छी वर्षा की कामना करना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में क्षेत्र के किसानों ने मक्का, ज्वार, बाजरा, मूंग, उड़द, तिल एवं मूंगफली जैसी खरीफ फसलों की बुवाई कर दी है। अब इन फसलों की अच्छी बढ़वार के लिए समय पर वर्षा अत्यंत आवश्यक है। इसी भावना के साथ ग्रामीणों ने इंद्रदेव से भरपूर बारिश की प्रार्थना की। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसी पारंपरिक लोक परंपराएं सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी जीवंत बनाए रखती हैं।

# आरोग्य भारती की प्रांतीय बैठक में स्वस्थ राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प

### योग, मधुमेह प्रबंधन, गर्भ संस्कार, नशा मुक्ति और आरोग्य मित्र प्रशिक्षण पर हुआ मंथन, कार्यकर्ताओं को दिए नए लक्ष्य




▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । आरोग्य भारती चित्तौड़ प्रांत की प्रांतीय बैठक रविवार को नेहरू रोड स्थित महेश छात्रावास में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना, स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों और संगठनात्मक विस्तार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में आरोग्य भारती के आरोग्य मित्र योजना के अखिल भारतीय प्रमुख एवं राजस्थान क्षेत्र तथा उत्तर क्षेत्र के संयोजक संजीवन कुमार का विशेष सान्निध्य प्राप्त हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए संजीवन कुमार ने कहा कि आरोग्य भारती का उद्देश्य केवल रोगों का उपचार नहीं, बल्कि समाज में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देकर स्वस्थ राष्ट्र की अवधारणा को साकार करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन के विभिन्न आयामों पर प्रशिक्षण देते हुए योग, मधुमेह प्रबंधन, आरोग्य मित्र प्रशिक्षण, गर्भ संस्कार, घरेलू उपचार, संतुलित आहार, स्वस्थ दिनचर्या तथा नशा मुक्ति जैसे विषयों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए जिला, विभाग एवं प्रांत स्तर पर कार्यकर्ताओं की टोली बनाकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। प्रत्येक कार्यकर्ता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सेवाएं पहुंचाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना होगा। बैठक में प्रांत संरक्षक डॉ. डी.एल. कष्ट, प्रांत अध्यक्ष राधेश्याम चेचानी तथा प्रांत सचिव कैलाश सोमानी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने संगठन की आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए सेवा, संस्कार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान संगठन के विस्तार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों और विभिन्न सेवा प्रकल्पों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं को आगामी समय में किए जाने वाले कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदारियां और लक्ष्य भी सौंपे गए। बैठक का समापन स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य जागरूकता पहुंचाने और आरोग्य भारती के सेवा कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया।

# प्रतिभावान विद्यार्थियों व वरिष्ठ नागरिकों का हुआ सम्मान

▪ स्मार्ट हलचल

**विजयनगर** । रावणा राजपूत समाज संस्था, बिजयनगर के तत्वावधान में रविवार को प्रतिभावान एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के वरिष्ठ नागरिकों का भी सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की गया। समारोह में मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, पूर्व सरपंच दिलीप सिंह शिखरानी, बाघसुरी सरपंच गोपाल सिंह, जैतगढ़ सरपंच महावीर सिंह, विजय सिंह जोताया, बहादुर सिंह जेठाना, रावणा राजपूत समाज अध्यक्ष चंदन सिंह चौहान सहित समाज की कार्यकारिणी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। समारोह में शिक्षा, खेल और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा व प्रतिभा को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।



# थाना प्रभारी गिर्राज प्रसाद ने संभाला सूरौठ थाना प्रभारी का कार्यभार

▪ स्मार्ट हलचल

**सूरौठ**। करौली एसपी लोकेश सोनवाल की ओर से सूरौठ में लगाए गए थाना प्रभारी गिर्राज प्रसाद ने रविवार को धाना पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर सर्व समाज के लोगों ने थानाप्रभारी गिर्राज प्रसाद का साफे व मालाएं पहनाकर सम्मान किया। करौली एसपी लोकेश सोनवाल ने आवेश जारी कर यहां कार्यरत थाना प्रभारी कालीचरण शर्मा का तबादला महू चौकी इंचार्ज पद पर किया था तथा उनके स्थान पर पुलिस निरीक्षक गिर्राज प्रसाद को सूरौठ थाना प्रभारी लगाया था। थाना प्रभारी गिर्राज प्रसाद ने रविवार को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। नव नियुक्त थाना प्रभारी गिर्राज प्रसाद ने पत्रकारों से कहा कि आम जन में विश्वास एवं अपराधियों में भय बना कर ड्यूटी निभाई जाएगी।

